रेशम निदेशालय, उत्तराखण्ड
के

बोर्डो, परिषदों, समितियों और अन्य निकायों का विवरण। साथ ही विवरण कि क्या उन बोर्डो, परिषदों, समितियों और अन्य निकायों की बैठकें जनता के लिए खुली होगी या बैठकों के कार्यवृत्त तक जनता की पहुॅच होगी –

(A statement of the boards, councils, committees and other bodies consisting of two or more persons constituted as its part or for the purpose of its advice and as to whether meeting of those boards, councils, committees and other bodies are open to the public or the minutes of such meeting are accessible for public)

रेशम निदेशालय के अधीन शीर्ष सहकारी संस्था उत्तराखण्ड को–ऑपरेटिव रेशम फेडरेशन (यू.सी. आर.एफ.) का गठन किया गया जो प्रदेश में क्रियाशील पंजीकृत रेशम सहकारी समितियों द्वारा किये जाने वाले रेशम विकास संबंधी विभिन्न गतिविधियों का नियत्रंण करता है। शीर्ष समिति के अधीन प्राथमिक रेशम सहकारी समितियों जो कि रेशम कीटपालकों की सदस्यतायुक्त है, की नियमित बैठकें आयोजित की जाती है तथा बैठक में लिये गये निर्णयों से समिति के सदस्यों, जो कि स्वंय कीटपालक है, से समस्त ग्रामवासियों को निरन्तर अवगत कराया जाता है। इस प्रकार इन बैठकों में कीटपालकों के प्रतिनिधि के रूप में कृषकों की सीधी पहुॅच होती है। जिसका विस्तृत विवरण निम्न प्रकार है :–

1) संबद्व संस्था का नाम एवं पता

उत्तराखण्ड को–ऑपरेटिव रेशम फेडरेशन (यू.सी.आर.एफ.)
प्रेमनगर, देहरादून

2) संबद्व संस्था का प्रकार

राज्य स्तरीय शीर्ष रेशम सहकारी समिति

3) संबद्व संस्था का संक्षिप्त परिचय

प्रदेश में पंजीकृत प्राथमिक रेशम सहकारी समितियों के द्वारा संचालित रेशम विकास कार्यो का नियमन, उत्पादित रेशम कोये के विपणन –निस्तारण, रेशम धागाकरण , कार्यो को गतिशीलता प्रदान करने तथा वस्त्रोत्पादन आदि रेशम विविधकरण गतिविधियों को बल प्रदान करने के उद्देश्य से 7 दिसम्बर, 2002 को उत्तराचंल को–ऑपरेटिव रेशम फेडरेशन (यू.सी.आर. एफ.) का गठन किया गया है। वर्तमान में यू.सी.आर.एफ. द्वारा रेशम कोये का विपणन, रेशम धागाकरण, वस्त्र बुनाई प्रशिक्षण आदि कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है।

4) संबद्व संस्था की भूमिका शीर्ष सहकारी संस्था यू.सी.आर.एफ. की भूमिका प्रबन्धकारिणी सस्था के

साथ–साथ विभागीय कार्मिकों के माध्यम से व्यवसायिक गतिविधियों को संचालित करने की है।

5) स्वरूप एवं वर्तमान सदस्य

यू.सी.आर.एफ. एक शीर्ष सहकारी संस्था है, जिसमें वर्तमान में 189 साधारण सदस्य है।

6) मुख्य अधिकारी का नाम

आनन्द ए0डी0 शुक्ल, प्रबन्ध निदेशक,
उत्तराखण्ड को–ऑपरेटिव रेशम फेडरेशन

7) कार्यालय एवं अन्य शाखाओं के पते–

उत्तराखण्ड को – ऑपरेटिव रेशम फेडरेशन
सिल्क पार्क भवन, प्रेमनगर , देहरादून उत्तराखण्ड
0135-2770093
ईमेल–ucrf.silk@gmail.com
(फेडरेशन की अन्य कोई शाखा नही हैं)

8) बैठक की आवृत्ति

अ. संचालक मण्डल की तीन माह में एक बैठक की जाती है।

ब. सामान्य निकाय की वर्ष में एक बार बैठक आयोजित की जाती है।

9) क्या बैठक में जनता भाग ले सकती है?

फेडरेशन की उपविधियों के अनुसार फेडरेशन की कार्यकारिणी की बैठकों में बोर्ड के निर्वाचित एवं मनोनीत सदस्य एवं सामान्य निकाय की बैठक में समस्त साधारण सदस्य भाग लेते हैं।

10) क्या बैठक का कार्यवृत्त तैयार किया जाता है ?

प्रत्येक बैठक का कार्यवृत्त कार्यवाही रजिस्टर में अंकित करते हुये तैयार किया जाता है।

11) क्या जनता बैठक का कार्यवृत्त प्राप्त कर सकती है ? यदि हॉ तो प्रक्रिया का विवरण –

वर्तमान व्यवस्था के अंतर्गत बोर्ड के सदस्यों को कार्यकारिणी बैठक का कार्यवृत्त जारी किया जाता है किन्तु सूचना का अधिकार अधिनियम –2005 के अंतर्गत निर्धारित प्राविधानों के अधीन मॉगानुसार एवं नियमानुसार सूचना प्रदान की जायेगी।